**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1990**
**दिनांक 11 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न**

**दुधारू मवेशी**

**1990. श्री अनूप संजय धोत्रे:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में दुधारू पशुओं की राज्यवार संख्या क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा दुधारू पशुओं की संख्या में वृद्धि करने के लिए कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो इस संबंध में विभिन्न योजनाओं सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत चार वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के अकोला जिले सहित देश में डेयरी उद्योग के प्रोत्साहन/विकास के लिए उठाए गए कदमों और प्रदान की गई और जारी की गई वित्तीय सहायता का राज्य/जिलावार ब्यौरा क्या है तथा पात्रता की शर्तें क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने छोटे किसानों को पशुपालन अथवा डेयरी उद्योग के लिए धनराशि आवंटित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के अकोला जिले सहित राज्य/जिलावार प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) किसानों की आय में राज्य/जिलावार, विशेषकर महाराष्ट्र के अकोला जिले में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री**
**(प्रो.एस.पी. सिंह बघेल)**

(क) 20 वीं पशुधन संगणना के अनुसार देश में दुधारू और दूध रहित (ड्राई) दोनों प्रकार के पशुओं सहित 74.59 मिलियन दुधारू गोपशु हैं। 19 वीं और 20वीं पशुधन संगणना के दौरान दुधारू गोपशुओं की संख्या में हुई वृद्धि निम्नलिखित तालिका में दी गई है। दुधारू गोपशुओं का राज्यवार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

| 19वीं पशुधन संगणना के अनुसार दुधारू गोपशुओं की संख्या मिलियन में | 20वीं पशुधन संगणना के अनुसार दुधारू गोपशुओं की संख्या मिलियन में | परिवर्तन का % |
|---|---|---|
| 67.54 | 74.59 | 10.44 |

(ख) और (ग) दुधारू गोपशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए प्रयासों को अनुपूरित और संपूरित करने के लिए भारत सरकार ने देश भर में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

(i) राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम : राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत पशुपालन एवं डेयरी विभाग देशी नस्लों सहित बोवाइन पशुओं के दूध उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान कवरेज का विस्तार कर रहा है, जिससे देश में दुधारू पशुओं की आबादी में वृद्धि होगी।

(ii) पशुपालन और डेयरी विभाग ने सेक्स सॉर्टेड सीमन उत्पादन सुविधाएं स्थापित की हैं और सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग करके त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम लागू किया है, जिसका उद्देश्य 90% सटीकता से बछड़ियों का उत्पादन करना है, जिससे दुधारू गोपशुओं की आबादी, नस्ल सुधार और किसानों की आय में वृद्धि होगी। सरकार ने किसानों को उचित दरों पर सेक्स सॉर्टेड सीमन उपलब्ध कराने के लिए देशी रूप से विकसित सेक्स सॉर्टेड सीमन तकनीक शुरू की है।

(iii) इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) तकनीक का कार्यान्वयन: देशी नस्लों के उत्कृष्ट पशुओं के प्रजनन के लिए विभाग ने 22 आईवीएफ प्रयोगशालाएँ स्थापित की हैं। एक ही पीढ़ी में बोवाइन आबादी के आनुवंशिक उन्नयन में इस तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अलावा, किसानों को उचित दरों पर तकनीक उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने आईवीएफ मीडिया की शुरुआत की है।

(iv) देशी नस्लों के उच्च आनुवंशिक क्षमता वाले साड़ों का उत्पादन करने के लिए, पशुपालन और डेयरी विभाग संतति परीक्षण और नस्ल चयन कार्यक्रम लागू कर रहा है। गिर, साहीवाल नस्ल के गोपशुओं और मुर्राह, मेहसाणा नस्ल की भैंसों के लिए संतति परीक्षण लागू किया जाता है। नस्ल चयन कार्यक्रम के तहत गोपशुओं की राठी, थारपारकर, हरियाना, कांकरेज नस्लें और भैंसों की जाफराबादी, नीली रवि, पंढरपुरी और बन्नी नस्लें शामिल हैं।

(v) जीनोमिक चयन: उच्च आनुवंशिक क्षमता (एचजीएम) वाले पशुओं का चयन करने और गोपशुओं और भैंसों के आनुवंशिक सुधार में तेजी लाने के लिए, विभाग ने एकीकृत जीनोमिक चिप्स विकसित की हैं- देशी गोपशुओं के लिए गौ चिप और भैंसों के लिए महिष चिप - जो विशेष रूप से देश में उच्च आनुवंशिक पशुओं के जीनोमिक चयन को शुरू करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

(vi) ग्रामीण भारत में बहुउद्देश्यीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (मैत्री): इस योजना के तहत मैत्री को किसानों के द्वार पर गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं देने के लिए प्रशिक्षित और सुसज्जित किया जाता है। पिछले 3 वर्षों के दौरान राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत 38,736 मैत्री को प्रशिक्षित और सुसज्जित किया गया है।

राष्ट्रीय गोकुल मिशन महाराष्ट्र के अकोला जिले सहित पूरे देश में क्रियान्वित किया जा रहा है। राज्यवार उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ) राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत किसानों के घर पर कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। कवर किए गए पशुओं की संख्या, किए गए कृत्रिम गर्भाधान और महाराष्ट्र के अकोला जिले सहित लाभान्वित किसानों की संख्या का विवरण अनुबंध-III में दिया गया है ।

(ड़) कोई विशिष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। हालाँकि, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के कार्यान्वयन के साथ तथा पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा उठाए गए अन्य कदमों के परिणामस्वरूप देश में दूध उत्पादन वर्ष 2014-15 में 146.31 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 239.30 मिलियन टन हो गया है, जो पिछले 10 वर्षों में 63.55% की वृद्धि है। देश में बोवाइन पशुओं की कुल उत्पादकता वर्ष 2014-15 में प्रति पशु प्रति वर्ष 1640 किलोग्राम से बढ़कर वर्ष 2023-24 में प्रति पशु प्रति वर्ष 2072 किलोग्राम हो गई है, जो 26.34% की वृद्धि है, जो दुनिया में किसी भी देश द्वारा की गई सबसे अधिक उत्पादकता वृद्धि है। इस योजना का लाभ दूध उत्पादन और बोवाइन पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि के रूप में डेयरी से जुड़े सभी किसानों को मिल रहा है। राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2024 के अनुसार, दूध उत्पादन का मूल्य वर्ष 2014-15 में 4.95 लाख करोड़ से बढ़कर वर्ष 2022-23 के दौरान 11.16 लाख करोड़ हो जाएगा।

*******

**अनुबंध- I**

| **20वीं पशुधन संगणना के अनुसार दुधारू (दूधारू+दूध रहित (ड्राई)) गोपशुओं (ग्रामीण और शहरी) का विवरण** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कुल दुधारू गोपशु (दुधारु+दूध रहित (ड्राई) (वास्तविक संख्या)** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 14760 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1760991 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 76535 |
| 4 | असम | 3360630 |
| 5 | बिहार | 6591370 |
| 6 | चंडीगढ़ | 7460 |
| 7 | छत्तीसगढ | 2835721 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली* | 3376 |
| 9 | दमन और दीव* | 705 |
| 10 | दिल्ली | 42182 |
| 11 | गोवा | 27015 |
| 12 | गुजरात | 4223012 |
| 13 | हरियाणा | 836548 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 886108 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 1154461 |
| 16 | झारखंड | 3093762 |
| 17 | कर्नाटक | 3788530 |
| 18 | केरल | 668997 |
| 19 | लक्षद्वीप | 740 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 6788245 |
| 21 | महाराष्ट्र | 5433669 |
| 22 | मणिपुर | 57437 |
| 23 | मेघालय | 246090 |
| 24 | मिजोरम | 15908 |
| 25 | नागालैंड | 15649 |
| 26 | ओडिशा | 2940487 |
| 27 | पुदुचेरी | 33212 |
| 28 | पंजाब | 1461793 |
| 29 | राजस्थान | 6331640 |
| 30 | सिक्किम | 61049 |
| 31 | तमिलनाडु | 4505079 |
| 32 | तेलंगाना | 1289806 |
| 33 | त्रिपुरा | 273135 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 8540455 |
| 35 | उत्तराखंड | 782167 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 6439350 |
| | **अखिल भारतीय** | **74588074** |

***20वीं पशुधन संगणना में उल्लिखित किए गए अनुसार***

***(स्रोत: 20 वीं पशुधन संगणना-2019 अखिल भारतीय रिपोर्ट)***

**अनुबंध- II**

**पिछले 4 वर्षों के दौरान आरजीएम के तहत जारी निधियां (लाख रु.में)**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र/एनडीडीबी | वर्ष 2020-21 | वर्ष 2021-22 | वर्ष 2022-23 | वर्ष 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3181.38 | 5652.385 | 1546 | 3538.38 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1240.8 | 397.08 | 467.16 | 1965.31 |
| 3 | असम | 0 | 227.97 | 3658.19 | 723.25 |
| 4 | बिहार | 7401.08 | 3076.14 | 4928.63 | 0.00 |
| 5 | छत्तीसगढ | 101.25 | 841.65 | 402 | 0.00 |
| 6 | गोवा | 0.00 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 7 | गुजरात | 101.25 | 2735.311 | 2222.82 | 6542.58 |
| 8 | हरियाणा | 1796.39 | 1775.6 | 1173.66 | 0.00 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 484.25 | 5586.58 | 0 | 0.00 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 81 | 1533.93 | 2539.35 | 0.00 |
| 11 | झारखंड | 101.25 | 2244.525 | 1500 | 0.00 |
| 12 | कर्नाटक | 101.25 | 1996.46 | 3562.48 | 2651.31 |
| 13 | केरल | 313 | 314 | 1284.12 | 6546.27 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 2113.44 | 6024.963 | 9049.51 | 4903.00 |
| 15 | महाराष्ट्र | 202.5 | 0 | 0 | 3261.50 |
| 16 | मणिपुर | 500.64 | 294.98 | 166.69 | 0.00 |
| 17 | मेघालय | 2039.22 | 738.21 | 0 | 0.00 |
| 18 | मिजोरम | 268.28 | 154.11 | 138.69 | 847.37 |
| 19 | नागालैंड | 372.06 | 494.7 | 608.86 | 466.20 |
| 20 | ओडिशा | 0 | 3480.425 | 1374.25 | 0.00 |
| 21 | पंजाब | 714.13 | 0.00 | 232 | 0.00 |
| 22 | राजस्थान | 405 | 2254.77 | 250 | 250.00 |
| 23 | सिक्किम | 0 | 268.78 | 572.42 | 1097.87 |
| 24 | तमिलनाडु | 2168.38 | 2663 | 3347 | 10996.05 |
| 25 | तेलंगाना | 202.5 | 2439.76 | 0 | 3153.13 |
| 26 | त्रिपुरा | 0 | 2524.17 | 0 | 0.00 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 1012.5 | 2941.36 | 7671.25 | 9642.18 |
| 28 | उत्तराखंड | 3023.45 | 2115.44 | 1885.75 | 6083 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 202.5 | 1213.371 | 2037.35 | 6500 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0.00 |
| 31 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली दमन और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | दिल्ली (एनसीटी) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35 | लद्दाख | 105 | 0 | 0 | 0.00 |
| 36 | पुदुचेरी | 0 | 144.44 | 0 | 0.00 |
| 37 | एनडीडीबी | 11618.89 | 12042.9 | 8893.76 | 16782.63 |

**अनुबंध- III**

## एनएआईपी के कार्यान्वयन की राज्यवार स्थिति

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | गर्भाधान किए गए कुल पशु | कुल कृत्रिम गर्भाधान संपन्न | कुल लाभान्वित किसान |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 6739038 | 12048501 | 3254535 |
| अरुणाचल प्रदेश | 3598 | 4053 | 1705 |
| असम | 1559269 | 1950297 | 1340396 |
| बिहार | 3408483 | 4479389 | 2439557 |
| छत्तीसगढ | 1761798 | 2279156 | 1075532 |
| गोवा | 22889 | 37055 | 8052 |
| गुजरात | 5305779 | 8272636 | 3249859 |
| हरियाणा | 598382 | 847134 | 438493 |
| हिमाचल प्रदेश | 1726336 | 2681892 | 1284031 |
| जम्मू और कश्मीर | 2210192 | 3689767 | 1511953 |
| झारखंड | 2446101 | 3129541 | 1702127 |
| कर्नाटक | 7720912 | 14098447 | 5001758 |
| लद्दाख | 6455 | 7653 | 5332 |
| केरल | 0 | 0 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 7164866 | 8531700 | 4350184 |
| महाराष्ट्र | 5171243 | 6736538 | 3423725 |
| मणिपुर | 23732 | 26619 | 13470 |
| मेघालय | 49003 | 76047 | 16161 |
| मिजोरम | 8068 | 10699 | 3828 |
| नागालैंड | 34453 | 40182 | 13983 |
| ओडिशा | 4653761 | 6110079 | 2948752 |
| पंजाब | 1195739 | 1896192 | 636970 |
| राजस्थान | 5479876 | 7047197 | 3903058 |
| सिक्किम | 38667 | 46370 | 29714 |
| तमिलनाडु | 4657474 | 7573541 | 2235169 |
| तेलंगाना | 3008075 | 3768565 | 1578248 |
| त्रिपुरा | 213835 | 267109 | 183083 |
| उत्तर प्रदेश | 12544074 | 18576007 | 7270391 |
| उत्तरांचल | 1379444 | 2095196 | 993222 |
| पश्चिम बंगाल | 4837248 | 7147931 | 3259977 |
| कुल | 83968790 | 123475493 | 52173265 |

******